



# शिवरात्रि से पहले सिलावट ने कसे अफसर, कलेक्टर, एसपी पहुंचे डबरा



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 फरवरी।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि धार्मिक आयोजनों एवं त्यौहारों के अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। जिन स्थानों पर अधिक भीड़ एकत्रित होने की संभावना हो वहाँ पर सुरक्षा के साथ-साथ अन्य प्रबंधन भी सुनिश्चित किए जाएं।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने गुरुवार को जिला एवं पुलिस प्रशासन की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही। मुरार सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में विधायक भितरवार मोहन सिंह राठौर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, आईजी अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी अमित सांघी, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, एसडीएम भितरवार, राजीव समाधिया सहित राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि जिले के डबरा में नवग्रह शक्ति पीठ पर आयोजित हो रहे धार्मिक आयोजन में गत दिनों जो घटना हुई है, इस प्रकार की घटना पुन: न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। वहाँ पर आ रहे धर्म प्रेमी, नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य प्रबंधन भी मुस्तैदी से हों, यह सुनिश्चित किया जाए। कंट्रोल रूम गठित हो और वरिष्ठ अधिकारी निरंतर मॉनीटरिंग करें, यह भी सुनिश्चित किया जाए। आयोजकों से भी इस संबंध में सतत संपर्क कर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया जाए। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी नियमित व्यवस्थाओं को देखें और मॉनीटरिंग करें। आयोजन स्थल पर एवं आसपास भी फायर सेफ्टी, पार्किंग एवं आपदा प्रबंधन की टीम भी मुस्तैद रहे। प्रसादी वितरण व्यवस्था पर भी निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर जाने वाले मार्गों पर भी सुरक्षा एवं अन्य प्रबंधन किए जाएं। इसके साथ ही चिकित्सा दल भी कार्यक्रम स्थल के आसपास तैनात रहे और जरूरत पड़ने पर तत्परता से कार्य करे। दल में चिकित्सकों को भी अनिवार्यत: रखा जाए। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भी सभी शिव मंदिरों पर साफ-सफाई की व्यवस्थायें बेहतर हों।

## ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि वितरण की भी समीक्षा

ग्वालियर जिले की चीनौर तहसील में गत दिनों हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के खाते में 20 फरवरी तक राहत राशि पहुँचाई जायेगी। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को जिले में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की राहत राशि वितरण के संबंध में समीक्षा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी ओलावृष्टि से प्रभावित किसान राहत राशि से वंचित नहीं रहना चाहिए। सिलावट ने मुरार सर्किट हाउस में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत राशि वितरण के संबंध में समीक्षा की। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रभावित सभी गाँवों में सर्वे के उपरांत प्रभावितों की सूची पंचायत कार्यालय पर भी चस्पा की जाए ताकि कोई भी प्रभावित वंचित न रह सके। इसके साथ ही सभी प्रभावितों के एकाउण्ट नम्बर भी प्राप्त करें, ताकि राहत राशि प्रभावित के खाते में पहुँच सके। कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि ग्वालियर जिले की चीनौर तहसील में 3 फरवरी 2026 को असमायिक हुई ओलावृष्टि से 8 ग्राम प्रभावित हुए हैं। जिनमें प्रारंभिक सर्वे के अनुसार 1711 किसानों का कुल रकबा 1117 .022 हैक्टेयर प्रभावित हुआ है।

## नवनिर्मित नवग्रह शक्ति पीठ का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



डबरा में नवनिर्मित नवग्रह शक्तिपीठ का कलेक्टर रूचिका चौहान ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थापकों एवं वालेंटियरों से बात की। इसके साथ ही उन्होंने कथा स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डबरा को निर्देशित किया है कि व्यवस्थाओं में लगे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय तक कार्य स्थल पर उपस्थित होने के लिये निर्देशित करें। इसके साथ ही व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखें। शहर में आ रहे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये सभी मार्गों पर भी सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी रखें। सम्पूर्ण शहर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने भी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सीएम हैल्पलाइन में नॉन अटेंड करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

**ग्वालियर।** संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने कहा कि सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को न देखने वाले (नॉन अटेंड) अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। शिकायतों का निराकरण न करना घोर लापरवाही है। इसके साथ ही शिकायतों का नकारात्मक निराकरण करने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में सभी विभागीय अधिकारी करें। जिला कलेक्टर सीएम हैल्पलाइन की निरंतर मॉनीटरिंग कर जिले की रैंकिंग को बेहतर बनाने का कार्य करें।



## सीएम एवं सिंधिया ने ऊर्जा मंत्री तोमर के सुपुत्र के विवाह में वर-वधु को दिया आशीर्वाद

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 फरवरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के सुपुत्र रिपुदमन सिंह (सागर) के विवाह समारोह में उपस्थित होकर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। उनके अलावा प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों एवं प्रदेश के मंत्रीगण ने भी नवदम्पति को आशीर्वाद दिया।

ग्वालियर के होटल ताज (ऊषा किरण पैलेस) में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के सुपुत्र रिपुदमन सिंह का विवाह कनिका (सिमरन) सुपुत्री श्रीमती सीमा-स्व. सूर्यवीर सिंह सिसौदिया के साथ हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया और ऊर्जा मंत्री तोमर को पुत्र विवाह पर शुभकामनायें एवं बधाई दी है। देर रात तक वीवीआईपी के आगमन का तांता लगा रहा।

# सत्येन्द्र ने मुखर्जी भवन में टेका माथा



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर का उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद सत्येन्द्र शर्मा ने आज प्रात: श्री अचलेश्वर महादेव बाबा मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कटोरा ताल पर भाजपा की संस्थापक सदस्य राजमाता विजया राजे सिंधिया की छत्री पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एव माधव राव सिंधिया की छत्री पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। सत्येन्द्र शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पर पुष्प वर्षा की एवं प्रवेश द्वार की प्रथम देहली पर पुष्प अर्पित कर साष्टांग धोक लगाकर कार्यालय को प्रणाम किया। उसके बाद भाजपा कार्यालय में प्रवेश किया। कार्यालय में भाजपा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा के साथ नरेश जादौन, राजीव गुप्ता, दीपक शर्मा, विनय शर्मा, अंश कुशवाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





एक्स-शोरूम कीमत ₹84,811#

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंजः असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौराः विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्डः शिवम् मोटर्स 9289922787.

FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95